सार-समाचार

रास्ते की समस्याओं का ज्ञापन भेजा

धोरीमना, (निसं)। निकटवर्ती गुणेशाणियो की ढाणी ग्राम पंचायत खरड में काटन रास्ते की समस्याओं को लेकर तहसीलदार भागीरथराम बिश्नोई को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में रास्ते से जुड़ी हुई समस्याओं लेकर किसनाराम ने बताया कि यह रास्ता तीन किलोमीटर लंबाई में है। आंगनबाडी केंद्र से भीमथल जाने वाले रास्ते से जुडा हुआ है इसी रास्ते को प्रधानमंत्री योजना से जोडा जाए एवं शीघ्र ही गिंरवल सड़क बनवाई जाए इत्यादि कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आंगनवाडी में पोषाहार लाना इमरजेंसी डिलीवरी बच्चों को स्कूल जाना मतदान जाते समय सुखराम ने कहा कि शुक्रवार आंगनबाडी केंद्र पर बैठक ली गई रास्ते की समस्याओं को लेकर पूरा रास्ता सत्यापन किया पार्वती देवी बिश्नोई ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार शासन प्रशासन को शिकायतें की लेकिन हालात जस की तस ही रही। धोरीमना तहसील कार्यालय के आगे एक दिन का धरना देखकर इसी रास्ते से जुड़ी हुई समस्याओं को समाधान करने को लेकर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि एक सप्ताह में समस्या समाधान नहीं होगी तो धरना किया जायेगा। इस दौरान तुलसाराम गोदारा, वरीगाराम बिश्नोई, सोनाराम बिश्नोई, पाचराम अनाराम, मोहनलाल साहू, भूराराम भादू, भाखराराम सियाग, ओमप्रकाश सियाग सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

कलैक्टर ने अस्पताल का निरीक्षण किया

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर निशांत जैन ने सोमवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पिछले सप्ताह हुए निरीक्षण में साफ सफाई को लेकर दिए निर्देशो पर आम जन से फीडबैक लेते हुए व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। सोमवार को अपने औचक निरीक्षण में जिला अस्पताल पहुंचे जिला कलेक्टर निशान्त जैन ने जिला अस्पताल में ओपीडी, मेल वार्ड, सर्जिकल वार्ड, नि:शुल्क दवा जांच केंद्र सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने वार्डों का निरीक्षण कर भर्ती मरीजों से वार्ता कर उनकी कुशलक्षेम पूछी तथा अस्पताल में मिल रही सुविधाओं व उपचार के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रभारी कार्मिकों को निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों के उपचार व सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कमी न रखें। उन्होंने अस्पताल में उपचार व सुविधाओं के बारे में पीएमओ व चिकित्साधिकारियों से जानकारी लेते हुए मरीजों को सुविधा पूर्ण उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस दिव्यांश सिंह पीएमओ डॉ. पूनम टाक सहित चिकित्साधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों को कानूनी सेवाएं बताई

बाप, (निसं)। बाप कस्बा स्थित राजकीय महाविद्यालय बाप में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वीप प्लान के संयुक्त तत्वावधान में कानून के साथ संघर्ष में कैदियों और बच्चों को दी जाने वाली कानूनी सेवाओं और सहायताओं तथा छात्र जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम पर व्याख्यान मालाओं का आयोजन किया गया। सहायक आचार्य डॉ. योगेश शर्मा ने विद्यार्थियों को किशोरावस्था में होने वाले एवं उनसे बचने की स्थितियों के बारे में विस्तार से बताया तथा किशोर कल्याण बोर्ड पर भी प्रकाश डाला। इसके साथ-साथ डॉ. शर्मा ने छात्रा जागरूकता कार्यक्रम के तहत छात्राओं को घरेलू हिसा कानून एवं महिला प्रताडना रोकने संबंधी अधिनियम के बारे में अवगत कराया। शिव कुमार ने भारतीय संविधान में महिला सुरक्षा एवं अधिकार संबंधित तथ्यों के बारे में जानकारी दी तथा दहेज निषेध अधिनियम की व्याख्या की। हितेश बिश्नोई ने बीए प्रथम वर्ष सेमेस्टर एग्जाम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बिश्नोई ने कहा कि परीक्षा कक्ष में अगर विद्यार्थी किसी भी तरह से नकल करते हुए पाया गया तो विश्वविद्यालय नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया

बाप, (निसं)। बाप कस्बा में संचालित संस्कार बाल भारती के 50 छात्र छात्राओं और स्टाफ ने सीलवा, मुकाम, देशणोक दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया। विद्यालय निदेशक सांगाराम सुथार ने बताया कि छात्र छात्राओं के अध्ययन और अध्यापन गतिविधि के साथ-साथ शैक्षणिक भ्रमण का भी उनके जीवन में बहुत महत्व होता है। जब विद्यार्थी ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल से रूबरू होते हैं, तो उन्हें जीवन में आगे बढने और संघर्ष करने की प्रेरणा मिलती है। छात्र-छात्राओं ने सीलवा पदम पैलेस में पदम स्मारक, पदम डिजिटल लाइब्रेरी तथा बालिका विद्यालय का भ्रमण किया। कुलरिया परिवार के युवा उद्यमी और गौ सेवी कानाराम, शंकरलाल व धर्मचंद का प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर अभिनंदन किया। शंकरलाल ने सभी छात्र छात्राओं को गौ सेवा का संदेश दिया और अपने विद्यार्थी जीवन में अच्छी मेहनत करने के लिए अभिप्रेरित किया। नोखा में स्थित मुकाम में बिश्नोई संप्रदाय के धर्म गुरु जंभेश्वर भगवान के दर्शन किए। इसके बाद देशनोक पहुंच कर करणी माता के दर्शन किए। अनवर, महेश बिश्नोई, दिलीप कुमार, ममता पालीवाल, कविता चौधरी, सरिता बिश्नोई, मोनिका आदि ने दर्शनीय स्थलों से छात्र छात्राओं को रुबरु करवाया।

वैज्ञानिक तरीके से खेती करना सीखा

पोकरण, (निसं)। जिले के चांधन स्थित राज्य के सबसे बडे खजूर उत्कृष्टता केंद्र सगरा- भोजका, में सोमवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से किसानों ने पहुंचकर आधुनिक खेती के तरीकों को सीखा। इस दौरान कृषि अधिकारी मोहित कुमार और बलप्रीत सिंह ने किसानों को खेती में खाद बीज के सही तरीके से उपयोग के साथ ही खजूर की खेती और उससे होने वाले लाभ के बारे में अवगत करवाया। कृषि अधिकारी मोहित कुमार ने बताया कि विभिन्न जिलों से यहां पहुंचे किसानों के ठहरने के साथ ही खाने की व्यवस्था भी केंद्र द्वारा मुहैया करवाई गई थी। वहीं उन्होंने कहा कि इस एक दिन के प्रशिक्षण में किसानों को खजूर के साथ ही अन्य फसलों में लगने वाले रोग और उसके निवारण की जानकारी दी गई व किसानों के खेती से जुडी समस्याओं के प्रश्नों का हल निकाला गया। जिससे किसान भविष्य में अधिक पैदावार हासिल कर सकेंगे।

राजकीय विश्राम गृहों का अधिग्रहण

जैसलमेर, (नि.सं.)। 'एक्सरसाईज वायुशक्ति-2024'' के 17 फरवरी को प्रस्तावित आयोजन को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर परसाराम ने एक आदेश जारी कर जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय विश्राम गृहों को 15 फरवरी से 19 फरवरी तक के लिये अधिग्रहित किया है। अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार इगानप विश्राम गृह, आरजीटीपीपी, आरवीपीएल विश्राम गृह आकल, सीपीडब्ल्यूडी, होलिडे हाउस, डाकबंगला, सर्किट हाउस व वन विभाग इगानप स्टेज द्वितीय का विश्राम भवन अधिग्राहित किया है। ये भवन उनकी अनुमति के बिना आरक्षित नहीं किये जावें। इसके साथ ही इन भवनों में सुव्यवस्थित आवास के लिए सहायक निदेशक पर्यटक स्वागत केन्द्र को नोडल एवं प्रबंन्धक सर्किट हाउस जैसलमेर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

पद्मावती महापूजन मनाया

जोधपुर, (कासं)। फतेहसागर स्तिथ जैन दादावाड़ी में माता पद्मावती महापूजन धूम धाम सें मनाया गया। समिती अध्यक्ष अशोक कुमार रांका ने बताया कि फतेहसागर दादावाड़ी में चल रहे पंचान्हिका महोत्सव के अंतर्गत आज तीसरे दिन सोमवार को जैन धर्म की अधिष्ठायिका देवी माता पद्मावती का महापूजन आयोजित किया गया। शांति स्नात्र पूजा सें महापूजन की शुरुआत हुई। तत्पश्चात माता पद्मावती को अष्ट प्रकारी द्रव्यों सें पूजन कर मन्त्रोंचार के साथ सोलह श्रृंगार की सामठी के साथ चुनरी चढाई गई। सचिव हुकमीचंद मेहता ने बताया की इंदौर के प्रसिद्ध विधिकारक मनीष भाई मेहता,सौरभ भाई एवं जैन भजन गायक धीरज कुमार रांका द्वारा प्रस्तुत भजनो पर श्रद्धालुओं ने नृत्य कर भक्ति का आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में माता पद्मावती की 108 दीपक की महाआरती की गई एवं शांति कलश का विधान कर सर्वत्र शांति की मंगलकामना की गई।

शैक्षिक भ्रमण के लिए दल रवाना

जोधपुर, (कासं)। समग्र शिक्षा जोधपुर के राष्ट्रीय आविष्कार अभियान'' के अंतर्गत जोधपुर जिले के गणित एवं विज्ञान के 44 प्रतिभावान विद्यार्थियों का दल सोमवार को तीन दिवसीय अन्तर्राज्यीय भ्रमण के लिए गुजरात के अहमदाबाद शहर के लिए रवाना हुआ। इस दल में 36 बालक एवं 08 बालिकाएं हैं। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती सीमा शर्मा ने सोमवार को दल को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। आरपी सीडब्ल्यूएसएन महेन्द सिंह सोलंकी ने बताया कि गणित एवं विज्ञान विषय के बारे में बालकों का सृजनात्मक एवं रवनात्मक विकास होगा।

मिस्टर जालोर व मिस जालोर प्रति. 2 राउंड में हुई, अरुण मिस्टर एवं साक्षी मिस जालोर घोषित

'जलसो सायला रो' में कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर महोत्सव में ऐलो दा बैंड की प्रस्तुति पर युवा झूम उठे। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जालोर महोत्सव के अंतिम दिन सोमवार को आयोजित मिस्टर और मिस जालोर कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

जालोर महोत्सव प्रवक्ता सुदर्शन व्यास ने बताया कि अरुण त्रिवेदी को मिस्टर जालोर के ताज से नवाजा गया और मिस जालोर के ताज से साक्षी को नवाजा गया। मिस्टर जालोर और मिस जालोर प्रतियोगिता 2 राउंड में करवाई गई थी। अंतिम राउंड में टॉप 1 में मिस्टर और मिस जालोर का चयन किया गया। मिस्टर और मिस जालोर में निर्णायक की भूमिका सुहानी जैन, डॉ. मंजू मेघवाल, प्राची नामा, डॉ. भजनलाल, जीतेश, बादल बारोट ने निभाई।

मिस्टर जालोर प्रतियोगिता का निर्देशन अमित व्यास द्वारा किया गया। मिस जालोर प्रतियोगिता का निर्देशन कविता शर्मा और जोगेश सेन द्वारा किया गया। अंतिम दिन आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान धुर्वी, निल्य द्वितीय और नवेधा तृतीय स्थान पर रही। पूजा कुमारी, रीतू टांक, रेनू राठौड ने निर्णायक की भूमिका निभाई। एकल नृत्य जुनियर में अनन्या प्रथम, सुहानी द्वितीय एवम अक्षरा तृतीय स्थान पर रही। आरती, विनीता एवं तनवी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। चाइल्ड विथ पेरेंट्स प्रतियोगिता में विदिशा एंड प्रमोद वैष्णव प्रथम, रीति एंड मीनाक्षी द्वितीय और नीता कुमारी एंड संग्राराम तृतीय स्थान पर रहे। पूजा सिसोदिया, सीमा, और साक्षी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

बॉलीवुड़ गीतों पर थिरके युवा

राजस्थान पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन एवं जालोर विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान मे आयोजित जालोर महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को सायंकाल स्टेडियम प्रांगण में कलकत्ता के ''एलो दी बैण्ड'' ने म्यूजिकल नाइट कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बॉलीवुड नाइट के इस कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक बॉलीवुड़ गानों की प्रस्तुति के माध्यम से युवाओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया।

गिटार, की-बोर्ड, ड्रम आदि वाद्य यंत्रों से सुसज्जित ''एलो दी बैण्ड' द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम में बॉलीवुड गीत ये दिल दीवाना....,ए दिल हे मुश्किल.., चल छैय्या- छैय्या ...., केसरिया तेरा इश्क है पिया...., सतरंगा.... व मेरी उम्र के नौजवानों.... व नमो-नमो .....के साथ ही राजस्थानी गीत केसरिया बालम आवो नी पधारों म्हारे देश..... व म्हारे हिवड़े में जागी चांदणी....को बॉलीवुड के लहजे में गाकर दर्शकों को झूमने पर लालायित कर दिया।

कार्यक्रम में जालोर उपखण्ड अधिकारी प्रमोद सीरवी, तहसीलदार हंसराज राठौड़, जिला समन्वयक रतन सुथार, हितेष प्रजापत, यशवंत मेवाड़ा, दिलीप भट्ट, रवि सोलंकी, सुदर्शन व्यास सहित जालोर महोत्सव के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी उपस्थित थे।

ऑपन माईक जैमिंग में जालोर के सितारों ने दी प्रस्तुतियाँ : जालोर महोत्सव के दौरान आयोजित रविवार को ऑपन माईक जैमिंग कार्यक्रम के तहत स्थानीय कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज में गायन की प्रस्तुति दी। समन्वयक मयूर रामावत व ऋषि राठौड़ ने बताया कि जिले के गायक प्रतिभाओं को आगे लाने के उद्देश्य से ओपन माइक जैमिंग प्रतियोगिता में जालोर के सितारों ने शिरकत कर एक से बढ़कर एक बेहतरीन प्रस्तुतियाँ देकर तालियां बटोरी। प्रतियोगिता में मयूर रामावत ने सय्याँ..., ऋषि राठौड़ ने अयोध्या नगरी में श्रीराम पधारे...., विक्रम पुरी ने राम भजन एवं पर्णिन व उनकी माता ने संयुक्त रूप से मेरे सोना रे.... गायन की मनमोहक प्रस्तुति दी।

गजल सुनकर श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

सायला, (निसं)। उपखण्ड मुख्यालय पर जालोर महोत्सव 2024 के तहत दो दिवसीय जलसों सायला रो में रविवार रात्रि को सांस्कृतिक संध्या सेलेब्रिटी सिम्फनी नाईट एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।

सांस्कृतिक संध्या का आगाज स्वरूप खान एंड पार्टी जैसलमेर ने गणेश स्तुति के साथ किया। इसके बाद लोक संगीत, नृत्य एवं लोक वाद्यो की ताल कचहरी की प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। वही अन्तर्राष्ट्रीय लोक कलाकार भुट्टे खां मांगणियार एवं दल बाडमेर ने केसरिया बन्ना.., पधारो बिन्दराजा.., मैं निकला गड्डी लेके... तुम्हे दिल लगी भूल जानी पडेगी.., चौमासो लाग्यो रे.., काली काली जुल्फों के.... आदि गीतों की प्रस्तुति देकर समा बांध दिया। सांस्कृतिक संध्या में तहसीलदार हीरसिंह चारण ने गजल नए घडे के पानी से, ऐसी खुश्बू आती है.. की शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बाल कलाकार संजना राजपुरोहित ने मनवा लागे.. गीत नृत्य की प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी।

सांस्कृतिक संध्या में विधानसभा मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने भी शिरकत की। इस दौरान उन्होने संबोधित करते हुए कहा कि जालोर महोत्सव से स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढने का मंच मिला है। महोत्सव में ऐसी कई प्रतिभाएं भी उभरकर सामने आई है जिन्होने बिना किसी प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन के अपनी प्रतिभा की प्रस्तुति देकर सबका ध्यान आकर्षित किया है। जो इस महोत्सव के सफलता की बुलन्दियों को स्पष्ट करता है। महोत्सव में सहयोग करने वाले भामाशाहों व अतिथियों का सम्मान किया गया। साथ ही विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विजेता एवं उपविजेता, निर्णायकों, कार्यक्रम प्रभारियों, मीडियाकर्मियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों आदि को पुरस्कृत किया गया।

इस दौरान उपखण्ड अधिकारी ताराचंद वेंकट, तहसीलदार हीरसिंह चारण, विकास अधिकारी मनमोहन मीणा, भाजपा जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित, उपखण्ड समन्वयक राजेन्द्र माहेश्वरी, सह समन्वयक रूपकिशोर अग्रवाल, उपसरपंच प्रकाश मेघवाल, पूर्व प्रधान रामप्रकाश चौधरी, पूर्व सरपंच सुरेश राजपुरोहित, पूर्व उपसरपंच वि मसिंह दहिया सायला, नैनमल लखारा, सीबीईओ भंवरलाल परमार, एक्सईएन गोपालराम, डूंगरसिंह देवडा, जोमताराम माली, ताराराम चौधरी, हरीश त्रिवेदी, अशोक अग्रवाल, नैनसिंह चौहान, मीठालाल माली, महेश शर्मा, नवाराम सुथार, विजय आचार्य आदि मौजूद थे।

मिस्टर जालोर अरूण

झोपड़ी में घुसकर युवक के सिर पर सरिया से वार किया

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर शहर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड दूसरा पुलिया पर झोपड़ पट्टी में घुसकर एक युवक पर तीन चार जनों ने मिलकर जानलेवा हमला किया। सिर पर सरिया के कई वार अधमरा कर दिया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी है।

पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ हत्या प्रयास में प्रकरण दर्ज किया है। विवाद लकड़ी जलाने को लेकर बताया गया है। आरोपी हाथ नहीं लगे है।

देवनगर पुलिस ने बताया कि मूलत: मध्यप्रदेश के राधोगढ़ हाल दूसरी पुलिया चौपासनी हाउसिंग बोर्ड झोपटपट्टी में रहने वाले कल्लू बागरी पुत्र जसवंत सिंह की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि 10 फरवरी की रात को उसका साला विजय और अन्य लोग झोपड़े में बैठै थे। तब महेश, नीरज, अशोक आदि आए और लकड़ी जलाने की बात को लेकर विवाद करने के साथ मारपीट की। विजय की पत्नी अन्य ने जैसे तैसे मामला शांत करवा कर आरोपियों को रवाना कर दिया। कुछ देर बाद आरोपी शराब के नशे में फिर आए और सरिया से विजय पर जानलेवा हमला करते हुए कई वार उसके सिर पर किए। ाह बुरी तरह घायल हो गया। उसे बाद में अस्पताल में भर्ती करवाया गया। देवनगर पुलिस ने बताया कि हत्या प्रयास में प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

लोकसभा चुनाव की बैठक आज

जोधपुर, (कासं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की प्रभावी निगरानी के लिए जोधपुर जिला स्तर पर नियुक्त समस्त प्रभारी अधिकारियों की बैठक का आयोजन 13 फरवरी को प्रात: 10 बजे डी.आर.डी.ए. हॉल में जिला निर्वाचन अधिकारी (जिला कलैक्टर) गौरव अग्रवाल की अध्यक्षता में किया जायेगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक की जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी(अपर जिला कलेक्टर प्रथम) ने दी।

प्रधानमंत्री मोदी के संवाद कार्यक्रम पर चर्चा की

बालोतरा, (निसं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वर्चुअल रूप से बालोतरा जिलेवासियों से सीधा संवाद करने के लिए रूबरू होंगे।

उपखंड अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि बालोतरा जिले की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में संवाद कार्य म आयोजित होगा। जिसके तहत विधानसभा पचपदरा क्षेत्र में जिला मुख्यालय पर महात्मा ज्योतिबा फूले स्टेडियम में संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने कायक्रम को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी विभागों के अधिकारियों को तैयारियों के तहत जिम्मेदारी सौंपी।

जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक वंचित परिवार तक केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजना का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने मुख्य यात्रा के दौरान एवं फॉलोअप शिविर में प्राप्त प्रत्येक पात्र आवेदन पत्र का संवाद कार्य म से पूर्व अंतिम निपटान करने और पात्र व्यक्तियों को नियमानुसार योजना का लाभ देना सुनिश्चित करने को लेकर दिशा- निर्देश दिए।

उपखंड अधिकारी राजेश कुमार ने कार्यकम के लिए टेन्ट, कुर्सियां, विशिष्ट व्यक्तियों के बैठने के लिए स्टेज, कार्यकम के प्रसार के लिए एलईडी स्ीन आदि आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि संवाद कार्यक्रम में जनसमूह को एलईडी स्क्रीन पर विकसित भारत यात्रा संबंधी विडियो का प्रसारण किया जाएगा जिसके लिए पर्याप्त मात्रा में एलईडी स्ीन लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने डीओआईटी एवं बीएसएनएल विभाग को संवाद कार्य म में अपेक्षित गति की इंटरनेट कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कार्यक्रम में सांसद , विधायक,जिला परिषद सदस्य, प्रधान, सरपंच, पंच समेत सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संवाद कार्यक्रम के दौरान यातायात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था के साथ कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान पुलिस उपअधीक्षक नीरज डेलू, नगर परिषद आयुक्त मघराज डूडी, जिला रसद अधिकारी खेमराज समेत सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कुण्डलपुर नगरी में खुशियां छाई, प्रियंवदा बधाई देने आई

सायला, (निसं)। अतिप्राचीन भाण्डवपुर महातीर्थ में तत्त्वत्रयी प्रतिष्ठोत्सव में पुण्य सम्राट जयन्तसेन सूरीश्वर के पट्टधरद्वय गच्छाधिपति नित्यसेन सूरीश्वर महाराज एवं भाण्डवपुर तीर्थोद्धारक आचार्य जयरत्न सूरीश्वर महाराज, विमलगच्छाधिपति आचार्य प्रद्युम्नविमल सूरीश्वर महाराज, आचार्य नरेन्द्र सूरीश्वर महाराज आदि विशाल श्रमण श्रमणिवृन्द की शुभ निश्रा में महावीर जैन श्वेताम्बर पेढ़ी (ट्रस्ट), वर्धमान राजेन्द्र जैन भाग्योदय ट्रस्ट (संघ), तत्त्वत्रयी प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के द्वारा विविध धार्मिक अनुष्ठान एवं सांस्कृतिक आयोजन हो रहे है।

मीडिया प्रभारी कुलदीप प्रियदर्शी ने बताया कि क्षत्रियकुण्ड नगरी में प्रभु के जन्मोत्सव की बधाई, नामकरण एवं पाठशालागमन का कार्यक्रम कलाकारों द्वारा किया गया। राजदरबार में राजा सिद्धार्थ को प्रियंवदा दासी द्वारा जन्म की बधाई दी गई। जिसका लाभ शा. पारसमल मिश्रीमल संघवी दाधाल ने लिया। प्रभु का नामकरण आचार्य जयरत्न सूरि महाराज ने मन्त्रोच्चार करके प्रभु की भुआ-भुडोसा के लाभार्थी शा. कालूचन्द सांकलचन्द हुकमाणी पांथेड़ी ने सपरिवार राजदरबार में पधारकर वर्धमान नामकरण किया। परिवारजनों ने अष्टप्रकारी सामग्री सहित विविध आभूषण प्रभु को अर्पण की। पाङ्गशाला में राजगुरु बनने का लाभ शा. मांगीलाल भोमराज संकलेचा मेंगलवा ने लिया।

संघवी राजेन्द्र करणपुरिया ने कार्यक्रम में भक्ति गीतों से सभी को मन्त्रमुग्ध कर दिया। धर्मसभा में आचार्य जयरत्न सूरि महाराज ने कहा कि भाण्डवपुर की पुण्यवन्त धरा पर पुण्य सम्राट का पुण्य बरसता है और योगीराज का तप-ध्यान तपता है। प्रतिष्ठा के निमित्त कार्यदक्ष मुनिराज आनन्द विजय महाराज की सद्प्रेरणा से बनने वाली गौशाला में जीवदया हेतु संस्थापक सदस्यों के लिए बनाई योजना में अनेक पुण्यशालियों ने अपने नाम अंकित कराए, जो गौशाला संकुल में पट्ट पर लिखे जाएंगे। दोपहर में जिनेन्द्र पंचकल्याणक पढ़ाई गई।

भाण्डवपुर महातीर्थ में धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में लोगों ने उत्साह से भाग लिया। फोटो-राष्ट्रदूत

आयोजन में प्रभावना, परमात्मा एवं गुरु प्रतिमाओं की नयनाभिराम अंगरचना, प्रभु भक्ति एवं रोशनी आदि कार्यक्रम हुए। सायं कुमारपाल महाराजा की आरती का आयोजन हुआ। प्रतिष्ठोत्सव में महन्त देवाभारती श्रूर, गोपाल भारती महाराज धनाणी एवं जनप्रतिनिधि दीपसिंह धनाणी शिरकत की। जिनका बहुमान किया गया।

प्रतिष्ठोत्सव में तरुण परिषद् एवं समर्पणम परिवार के कर्मठ युवाओं के द्वारा विभिन्न कार्यों में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की जा रही है। परिषद् के मीडिया प्रभारी ब्रजेश बोहरा लाईव प्रसारण के माध्यम से सेवा प्रदान कर रहे हैं। भोजन कोर कमेटी द्वारा भोजन की सुन्दर व्यवस्था हो रही है। साथ अशोक गांधी द्वारा प्रतिदिन के कार्यक्रमों एवं आवश्क सूचनाओं की उद्घोषणा स्वागत कक्ष से की जा रही है। महोत्सव नवमें दिन तीर्थ परिसर में प्रतिष्ठा निमित्त भगवान की सगाई एवं मामेरा का आयोजन कलाकारों द्वारा मंचित होगा। प्रात: पुण्य सम्राट गुरुदेव के 7०वें संयम दिवस के उपलक्ष्य में मधुकर जीवन दर्शन मण्डपम, रत्नत्रयी मण्डपम, साधना स्थली गुफा प्रदर्शनी का भव्य उद्घाटन लाभार्थी परिवारों द्वारा किया जाएगा और गुणानुवाद सभा का आयोजन गुरुभगवन्तों की निश्रा में होगा। दोपहर में शान्तिनाथ पंचकल्याणक पूजा संगीत की मधुर स्वरलहरियों के साथ लाभार्थी परिवार द्वारा पढ़ाई जायेगी।

पाली तहसीलदार ने स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया

पाली, (नि.सं.)। पाली तहसीलदार जितेन्द्र बबेरवाल ने सोमवार को प्रताप नगर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वहां पर असुविधाओं एवं लापरवाही के लिए केन्द्र प्रभारी को सचेत कर अतिशीघ्र समस्त व्यवस्थाए सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान बबेरवाल ने ओपीडी, आईपीडी, मानव संसाधन, बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति, भवन की स्थिति, बाउण्ड्री वॉल, सुरक्षा व्यवस्था, परिसर में पेड पौधों की स्थिति, चिकित्सालय की नियमित साफसफाई, पार्किंग स्थल, मरीज एवं एम्बुलेंस को पार्किंग के कारण आपतकालीन कक्ष की सुविधाओं, ओपीडी में रिसेप्शन एवं हैल्पडेस्क, रोगियों की सूचना बोर्ड, टोली व्हीलचैयर, स्ट्रेचर की उपलब्धता मय कर्मचारी, लेबर रूम की स्थिति, वार्ड में चद्दर, पर्दो की स्थिति, बॉयोमेडिकल वेस्ट निस्तारण, अस्पताल में वितरित की जाने वाली नि:शुल्क दवाओं की उपलब्धता एवं आवश्यक संग्रहण की जानकारी ली। आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना से आमजन को योजनाओं से लाभान्वित करने की बात कहीं।

शराब के पव्वे एवं टीकाकरण का रिकार्ड अपडेट नही होने पर जताई नाराजगी -निरीक्षण के दौरान बबेरवाल ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के परिसर मे बिखरे पडे शराब के पव्वे को लेकर नाराजगी जताते हुए असामाजिक तत्वो के खिलाफ आवष्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। वही महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता उमा सामरिया द्वारा आंगनबाडी केन्द्रो मे होने वाले टीकाकरण का रिकार्ड अपडेट नही होने पर फटकार लगाकर रिकार्ड अपडेट करने की बात कही। केन्द्र प्रभारी एवं चिकित्सा अधिकारी डा.मनोज कुमार, मान सिंह सोलंकी, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार, प्रकाष चन्द्र शर्मा, नर्सिग आफिसर तरूणा कुमारी, सवाई सिंह सोनीगरा, लेखा सहायक दिनेश सिह आदि मौजूद रहे।